# संकलित परीक्षा - II (2016-17)

## हिन्दी 'ब'

## कक्षा - IX

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न–पत्र के **चार खंड** हैं – **क, ख, ग** और **घ।**

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

**खण्ड क ( अपठित बोध )**

1 **निम्नलिखित** गद्यांश **को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2x5=10)** 10

अक्सर कॉलेज और विद्यालयों में पढने वाले विद्यार्थी हिंदी बोलने में शर्म महसूस करते हैं। लेकिन वे छात्र–छात्राएँ ये भूल जाते हैं कि जब वे सपने देखते हैं, तो वहाँ कौन सी भाषा चल रही होती है। हिंदी फिल्में देखना उन्हें प्रिय क्यों लगता है। भाई–बहन या माँ से प्यार, दुलार, जिद–हठ करते हैं, तो वहाँ किस भाषा का प्रयोग करते हैं। वस्तुतः भाषा को स्थापित करना उसके प्रयोगकर्ताओं पर ही निर्भर होता है, भाषा को जबरदस्ती थोपा नहीं जा सकता है। युवाओं को मस्तमौला, अल्हड़, चंचल आदि कहा जाता है। लेकिन यही सच है कि भावी जिम्मेदारी भी उन्हीं पर टिकी होती है। आज के युवा हिंदी और अंग्रेजी से बनी हिंग्लिश का प्रयोग अधिक करते हैं। इसलिए शुद्ध हिंदी को युवाओं पर जबरदस्ती थोपकर हिंदी का मजाक उड़वाना ठीक नहीं बल्कि सरल, समावेशी हिंदी के प्रति उन्हें राजी करना होगा।

हिंदी हमारे राष्ट्र की अभिव्यक्ति का सरलतम स्रोत है। राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है। संस्कृत और हिंदी देश के दो भाषा रूपी स्तंभ है जो देश की संस्कृति परंपरा और सभ्यता को विश्व के मंच पर बखूबी प्रस्तुत करते हैं। आज विश्व के कोने–कोने से विद्यार्थी हमारी भाषा और संस्कृति को जानने के लिए हमारे देश का रुख कर रहे हैं। हिंदी भाषा को हम राष्ट्र भाषा के रूप में पहचानते हैं। हिंदी भाषा विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली तीसरी भाषा है। विश्व में 50 से 60 करोड़ लोग हिंदी भाषी हैं। भाषाओं के गुलदस्ते में हिंदी का ऐसा फूल है जो मधुरता, संदुरता और सुगंध से भरपूर है। सुंदरता के कारण हिंदी शिष्ट है। सुगंध के कारण हिंदी विशिष्ट है। हिंदी की वर्णमाला में ही वह सामर्थ्य है कि संसार की किसी भी बोली और भाषा को ज्यों का त्यों लिखित रूप दे सकती है।

(क) वर्तमान समय में विद्यार्थी हिंदी बोलने में शर्म क्यों महसूस करते हैं?


(ख) भाषा को जबरदस्ती क्यों नहीं थोपा जा सकता ?

(ग) आज के युवाओं को क्या कहा गया है ? उनकी भाषा कैसी है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (घ) देश के दो स्तंभ कौन-कौन से हैं ? इनकी विशेषता क्या है?<br>(ङ) हिन्दी वर्णमाला की सामर्थ्य क्या है? | |
| | | **(मुक्त पाठ)**<br>**(*कृपया सुनिश्चित करें कि इस विषय का मुक्त पाठ इस प्रश्न पत्र के साथ उपलब्ध है(**<br>**विषय : समावेशी शिक्षा एक चुनौती( 5+5)** | |
| 2a | | विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड किस प्रकार रियायतें प्रदान कर रहा है? यथोचित विवरण प्रस्तुत कीजिये। | 5 |
| 2b | | समावेशी शिक्षा के माध्यम से समाज के दष्टिकोण में क्या परिवर्तन आया? | 5 |
| | | **खण्ड ख( व्यावहारिक व्याकरण )** | |
| 3 | | (क) निम्नलिखित शब्दों के वर्ण – विच्छेद कीजिए :<br>(1) पत्रिका (2) इत्यादि<br>(ख) निम्नलिखित शब्दों में से उस शब्द को चुनिए , जिसमें अनुस्वार का प्रयोग होता है:<br>तात्रिक, यहा<br>(ग) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग कर शब्द को दुबारा लिखिए:<br>मुह<br>(घ) निम्नलिखित शब्दमें उचित स्थान पर नुक्ते का प्रयोग कीजिए:<br>बाजीगर | 5 |
| 4 | | (क) निम्नलिखित शब्दों में सन्धि कीजिए :<br>(1) रमा+ ईश (2) दया+ आनंद<br>(ख) निम्नलिखित शब्दों में सन्धिविच्छेद कीजिए :<br>(1) श्रद्धालु (2) यातायात | 4 |
| 5 | | (क) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्दों व उपसर्गों को अलग-अलग करके लिखिए :<br>(1) प्रायोजक (2) सहपाठी<br>(ख) निम्नलिखित शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय को अलग-अलग करके लिखिए :<br>ममेरा<br>(ग) निम्नलिखित में विरामचिह्न लगाइए :<br>(1) ट्रक से शेर बाघ आर हिरन की खालें मिली।<br>(2) नेता ने कहा मुझे ही वोट दीजिए<br>(3) वे क्या कह रहे थे क्या आप समझ पाए | 6 |
| | | **खण्ड ग ( पाठ्य-पुस्तक )** | |
| | | **पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** ( 2+2+1 ) | |
| 6(i) | | धर्म के मामलों में टाँग अड़ाने का परिणाम क्या हो सकता है ?‘धर्म की आड़’ पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। | 2 |
| (ii) | | नदी किनारे के कीचड़ के टुकड़े ज्यादा गरमी में कैसे दिखाई देते हैं? ‘कीचड़ का काव्य’ पाठ के आधार पर लिखिए। | 2 |
| (iii) | | हमारे देश में लोगों को कैसे लड़ाया-भिड़ाया जाता है ? ‘धर्म की आड़’ पाठ के आधार परलिखिए। | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 7 | रामन की ‘जिज्ञासु’ प्रवृत्ति से नयी पीढ़ी को क्या सीख मिलती है ? ‘वैज्ञानिक चेतना के वाहक’ पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | 5 |
| | 8 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(2+2+1)**<br>लगातार चलनेवाली यात्राओं, हर स्टेशन पर दर्शनों के लिए इकट्ठा हुई जनता के विशाल समुदायों, सभाओं, मुलाकातों, बैठकों, चर्चाओं और बातचीतों के बीच वे स्वयं कब खाते, कब नहाते, कब सोते या कब अपनी हाज़तें रफ़ा करते, किसी को इसका कोई पता नहीं चल पाता। वे एक घंटे में चार घंटों के काम निपटा देते। काम में रात और दिन के बीच कोई फ़र्क शायद ही कभी रहता हो। वे सूत भी बहुत सुंदर कातते थे। अपनी इतनी सारी व्यस्तताओं के बीच भी वे कातना कभी चूकते नहीं थे।<br>प्रश्न<br>(क) किन कार्यों से पता चलता है कि महादेव भाई अत्यधिक व्यस्त रहते थे ?<br>(ख) ‘वे एक घंटे में चार घंटे का काम निपटा देते’ पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।<br>(ग) इतनी सारी व्यस्तताओं के बीच में महादेव भाई क्या नहीं करना भूलते थे ? | 5 |
| | | **पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1)** | |
| | 9(i) | सुखिया का पिता मन्दिर में अंबा के सामने कैसे पहुँचा ? ‘एक फूल की चाह’ कविता के आधार पर लिखिए। | 2 |
| | (ii) | ‘‘गीत–अगीत’’ कविता के आधार पर बताइए कि प्रेमी का गाना सुनकर प्रेमिका क्या सोचती है ? | 2 |
| | (iii) | ‘घिसे नाखूनों वाले हाथ’ में किन लोगों की ओर संकेत किया गया है ? | 1 |
| | 10 | ‘अग्निपथ’ कविता में कवि ने जीवन को संघर्ष के पर्याय के रूप में अंकित किया है। क्या आप कवि के विचारों से सहमत हैं ? स्पष्ट कीजिए। | 5 |
| | 11 | हामिद ने पैसे लेकर भी नहीं लिए, कैसे ? स्पष्ट कीजिए, हामिद की इस व्यावहारिकता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ? | 5 |
| | | **खण्ड घ ( लेखन )** | |
| | | दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर लगभग **80 से 100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। | |
| | 12 | प्रार्थना सभा<br>• क्यों होती है ?<br>• क्या–क्या होता है ?<br>• अपेक्षित सुधार | 5 |
| | | **अथवा** | |
| | | फिल्म जो मन को भा गई<br>फिल्म का परिचय<br>विशेषता<br>क्यों अच्छी लगी ? | 5 |
| | | **अथवा** | |
| | | कबीर की बातें<br>• कबीर कौन ?<br>• मुख्यसीखें | 5 |

Kopykitab

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • समाज पर प्रभाव | |
| | 13 | आर्थिक रूप से पिछड़े हुए अपने मित्र को किताबें व ड्रेस आदि दिलवाने हेतु पिताजी से धन मँगवाने के लिए पत्र लिखिए। | 5 |
| | 14 | *दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने मन में उभरे विचारों को* **20-30** *शब्दों मेंअपनी भाषा में प्रस्तुत कीजिए। विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप में चित्र से ही सम्बद्ध होना चाहिए।*  | 5 |
| | 15 | ब्यूटी पार्लर से समय लेती हुई महिला एवं ब्यूटी पार्लरवाली का संवाद लगभग 50 शब्दों में लिखिए। | 5 |
| | 16 | किसी एच बी पेंसिल के लिए कंपनी का नाम देतेहुए विज्ञापन तैयार कीजिए। | 5 |
| | | | |
| | | | |

Same textbooks, klick away